2022/16

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट — **बनाम** — **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री जगदीश राजपुरोहित
जाति राजपुरोहित
निवासी एट. पोस्ट जोडवाडा वाया भीनमाल
जिला जालोर।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
तहसीलदार सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 69 वर्ष 2022

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
07.01.2022	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिरोही को दिनांक 25.10.2021 को प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि ग्राम पंचायत नवारा में आने वाले गांवों में गोचर/ओरण/बंजर/शिवायचक जैसी कुल कितनी किस्म की जमीन है उनके खसरा नम्बर एवं हैक्टेयर मानचित्र सहित एवं ग्राम पंचायत नवारा के पटवार हल्का एवं भू–अभिलेख निरीक्षक के नाम एवं मोबाईल नम्बर से सम्बन्धित सूचना, लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई है। मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी अधिकारी तहसीलदार सिरोही को दिनांक 25.10.2021 को प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि ग्राम पंचायत नवारा में आने वाले गांवों में गोचर/ओरण/बंजर/शिवायचक जैसी कुल कितनी किस्म की जमीन है उनके खसरा नम्बर एवं हैक्टेयर मानचित्र सहित एवं ग्राम पंचायत नवारा के पटवार हल्का एवं भू–अभिलेख निरीक्षक के नाम एवं मोबाईल नम्बर से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। पत्रावली का अवलोकन करने पर पाया जाता है कि उपरोक्त सूचना तहसीलदार सिरोही द्वारा जरिए पत्र क्रमांक 30 दिनांक 08.11.2021 को अपीलांट को दे दी गई है। अतः ऐसी [illegible] की जाती है। । पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो Signature Not Verified Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal Date: 2022.01.17 16:59:49 IST Reason: SelfAttested (भगवती प्रसाद) **जिला कलक्टर, सिरोही**	

Scanned with CamScanner